2 जनवरी 2026
शुक्रवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



बिहार में भूमि अभिलेखों की नकल अब पूरी तरह डिजिटल, कागजी प्रतिलिपि का युग समाप्त

2



## एक नजर

### पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी-कोलकाता के बीच चलेगी

**नई दिल्ली।** पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी। थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है। सेकेंड एसी का किराया 3,000 होगा। फर्स्ट अउ का किराया करीब 3,600 प्रस्तावित किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन पूरा कर लिया है। स्लीपर ट्रेन को 1000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस साल के आखिर तक लगभग 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें तैयार हो जाएंगी। दो दिन पहले इस ट्रेन का ट्रायल रन किया गया था। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ी। लोको पायलट ने 4 ग्लास में पानी रखा, इतनी रफ्तार के दौरान भी ग्लास में से पानी नहीं छलका। उधर बुलेट ट्रेन को लेकर रेलमंत्री ने कहा कि यह 15 अगस्त 2027 को शुरू होगी।

### यूपी के 35 शहरों में घना कोहरा, राजस्थान-हरियाणा में बारिश

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में आज घना कोहरा छाया हुआ है। कोल्ड वेव भी है। मेरठ-गाजियाबाद समेत 14 जिलों में बारिश की संभावना है। बुधवार को कानपुर सबसे ठंडा रहा, यहां मिनिमम टेम्परेचर 4.6°C रहा। राजस्थान के जयपुर- चित्तौड़गढ़ में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। आज 8 से ज्यादा जिलों में बारिश की चेतावनी है। हरियाणा के कुछ शहरों में बारिश हुई है। प्रदेश के सभी स्कूलों में आज से विंटर वेकेशन घोषित किए गए। पंजाब के ज्यादातर जिलों में घना कोहरे छाया। बूंदाबादी भी हुई, कोल्ड वेव भी है। मौसम विभाग ने सभी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरदासपुर में सबसे कम टेम्परेचर 5.2°C रहा। पहाड़ी राज्यों हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी जारी है। दिल्ली में 31 दिसंबर को पिछले 6 साल में सबसे कम टेम्परेचर 6.4°C रहा था। 2019 में ये 9.4°C था।

## ऑपरेशन सिंदूर में अहम रहे डीआरडीओ के हथियार : राजनाथ सिंह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की रक्षा तैयारियों को मजबूती देने में रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने निर्णायक भूमिका निभाई। डीआरडीओ के 68वें स्थापना दिवस पर नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में उन्होंने संगठन की प्रतिबद्धता, पेशेवर क्षमता और स्वदेशी तकनीक के योगदान की सराहना की।रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डीआरडीओ के उपकरण बिना किसी रुकावट के काम करते दिखे। इससे न केवल सैन्य अभियानों की सफलता सुनिश्चित हुई, बल्कि जवानों का मनोबल भी बढ़ा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी तकनीकों से सुसज्जित भारतीय सशस्त्र बल आज पहले से कहीं अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर हैं।

### सुदर्शन चक्र की दिशा में भरोसा

रक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि डीआरडीओ जल्द ही सुदर्शन चक्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस 2025 के अपने संबोधन में घोषित की थी। इसके तहत अगले एक दशक में देश की महत्वपूर्ण संस्थाओं और ठिकानों को मजबूत वायु रक्षा प्रणाली से लैस किया जाना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में वायु रक्षा की अहमियत ऑपरेशन सिंदूर में साफ दिखी है।

### तकनीक निर्माता से भरोसे का प्रतीक

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ को केवल तकनीक निमार्ता नहीं, बल्कि भरोसा पैदा करने वाला संगठन बताया। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र, उद्योग, स्टार्ट-अप और शिक्षण संस्थानों के साथ बढ़ते सहयोग से एक मजबूत और समन्वित रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हुआ है। से लेकर परियोजना प्रबंधन तक, डीआरडीओ की कार्यप्रणाली पहले से अधिक तेज, सरल और भरोसेमंद बनी है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नव वर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर देश के नागरिकों को दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नव वर्ष 2026 की पूर्व संध्या पर देश के नागरिकों को बधाई दी और कहा कि यह आत्म-चिंतन और नए संकल्पों का भी एक अवसर है। राष्ट्रपति ने देश और विदेश में सभी भारतीयों को नए साल की बधाई दी।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, ह्यह्ययह आत्म-चिंतन और नए संकल्पों का भी एक अवसर है। इस मौके पर आइए हम देश के विकास, सामाजिक सद्भाव व पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करें। उन्होंने कहा, मेरी कामना है कि 2026 हमारे जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए तथा एक मजबूत और ज्यादा समृद्ध भारत बनाने के लिए नयी ऊर्जा दे। गौरतलब है कि देशभर में नए साल को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी नए साल के जोश में रंगे हुए हैं। देश के सभी पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर लोगों की भारी भीड़ जमा है और पैर रखने तक की जगह नहीं है। इसके बावजूद लोगों में उमंग है और वह फिल्मी गानों के साथ नए साल का स्वागत कर रहे हैं। नया साल आते ही देश के सभी बड़े शहरों में पार्टी वाली जगहें हाउसफुल हैं और लोग जमकर नए साल का लुफ्त उठा रहे हैं। सभी अपनी-अपनी तरह से नए साल को एंजॉय कर रहे हैं और अपनी रात को यादगार बना रहे हैं।

### 2026 के लिए दी शुभकामनाएं

## समुद्र में भारत की विरासत का सफर, पीएम मोदी ने INSV कौंडिन्य टीम की सराहना



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए साल से पहले भारतीय नौसेना के ऐतिहासिक नौकायन पोत क्ठरश कौंडिन्य की टीम का उत्साह बढ़ाया है। पीएम मोदी ने समुद्र में यात्रा कर रही टीम की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर साझा करते हुए उनके जोश और समर्पण की सराहना की।प्रधानमंत्री ने लिखा कि आईएनएसवी कौंडिन्य की टीम से यह तस्वीर पाकर उन्हें बेहद खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि जैसे ही देश वर्ष 2026 में प्रवेश करने जा रहा है, समुद्र के बीच इस ऐतिहासिक अभियान पर निकली टीम को उनकी विशेष शुभकामनाएं हैं और आशा है कि आगे की यात्रा भी सफलता और आनंद से भरी होगी।आईएनएसवी कौंडिन्य को सोमवार को गुजरात के पोरबंदर से ओमान के लिए रवाना किया गया था। इस अवसर पर पश्चिमी नौसेना कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन मौजूद रहे। साथ ही भारत में ओमान के राजदूत ईसा सालेह अल शिबानी भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आईएनएसवी कौंडिन्य भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं से प्रेरित एक अनोखा पोत है। यह पूरी तरह लकड़ी से बना है और इसे पारंपरिक स्टिच्ड-प्लैंक तकनीक से तैयार किया गया है। आधुनिक जहाजों के विपरीत, इसके लकड़ी के तख्तों को नारियल की रस्सियों से सिला गया है और प्राकृतिक रेज़िन से सील किया गया है। यह तकनीक कभी भारत के तटीय क्षेत्रों और हिंद महासागर क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रचलित थी। आईएनएसवी कौंडिन्य इतिहास, कारीगरी और आधुनिक नौसैनिक कौशल का दुर्लभ संगम है, जो भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है। आईएनएसवी कौंडिन्य की यह यात्रा केवल एक नौसैनिक अभियान नहीं, बल्कि भारत और ओमान के बीच ऐतिहासिक समुद्री संबंधों की भी याद दिलाती है। पीएम मोदी की शुभकामनाओं ने इस मिशन को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया है, जो नए साल में भारत की सांस्कृतिक और समुद्री पहचान को वैश्विक मंच पर मजबूत करेगा।

### प्राचीन भारत की समुद्री विरासत का प्रतीक

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आईएनएसवी कौंडिन्य भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं से प्रेरित एक अनोखा पोत है। यह पूरी तरह लकड़ी से बना है और इसे पारंपरिक स्टिच्ड-प्लैंक तकनीक से तैयार किया गया है। आधुनिक जहाजों के विपरीत, इसके लकड़ी के तख्तों को नारियल की रस्सियों से सिला गया है और प्राकृतिक रेज़िन से सील किया गया है।यह तकनीक कभी भारत के तटीय क्षेत्रों और हिंद महासागर क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रचलित थी। आईएनएसवी कौंडिन्य इतिहास, कारीगरी और आधुनिक नौसैनिक कौशल का दुर्लभ संगम है, जो भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है।

## तनाव के बीच भारत और पाकिस्तान ने उठाया बड़ा कदम परमाणु प्रतिष्ठानों की लिस्ट का आदान-प्रदान किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच बीते कुछ साल के तनाव चरम पर है। हालांकि, इस तनाव के बीच भी भारत और पाकिस्तान ने एक बड़ी परंपरा को कायम रखा है। दोनों देशों ने गुरुवार को द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया है। जानकारी के मुताबिक, दोनों देशों ने डिप्लोमैटिक चैनलों के जरिए, नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन और सुविधाओं की लिस्ट का आदान-प्रदान किया है। भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन और सुविधाओं पर हमले पर रोक लगाने के समझौते के तहत ऐसा किया गया है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के साथ परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किए जाने के बारे में जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया- "भारत और पाकिस्तान ने राजनयिक माध्यम से नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 35वां आदान-प्रदान है। इस सूची का पहला आदान-प्रदान एक जनवरी, 1992 को हुआ था। दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन की लिस्ट का आदान-प्रदान करने के इस समझौते पर 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे। 27 जनवरी 1991 को समझौता लागू हुआ था। इस समझौते में इस बात का प्रावधान किया गया है कि भारत और पाकिस्तान हर कैलेंडर वर्ष की पहली जनवरी को समझौते के तहत आने वाले न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन और सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को जानकारी देंगे।

## पीएम मोदी ने खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को लिखा पत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी की वरिष्ठ नेता खालिदा जिया का बीते मंगलवार को ढाका में निधन हो गया। उन्होंने 80 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। खालिदा जिया को बुधवार को ढाका में संसद के करीब उनके पति जियाउर रहमान की कब्र के बगल में सुपुर्द ए खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग वहां मौजूद रहे। भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर खालिदा जिया को श्रद्धांजलि देने के लिए बुधवार को ढाका पहुंचे थे। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को उनकी मां के निधन पर पत्र लिखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को उनकी मां के निधन पर पत्र लिखा। पीएम मोदी ने पत्र में कहा है- "प्रिय तारिक रहमान साहब, आपकी मां, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष, बेगम खालिदा जिया के निधन के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ। कृपया इस व्यक्तिगत क्षति पर मेरी संवेदना स्वीकार करें। उनकी आत्मा को शांति मिले। पीएम मोदी ने पत्र में आगे लिखा- "मुझे जून 2015 में ढाका में बेगम साहिबा के साथ अपनी मुलाकात और चर्चा याद है। वह दुर्लभ संकल्प और दृढ़ विश्वास की नेता थीं और उन्हें बांग्लादेश की पहली महिला प्रधान मंत्री होने का गौरव प्राप्त था।






# खबर का असर : शिक्षा विभाग की टूटी तंद्रा, सफाई घोटाले की जांच को तीन सदस्यीय टीम गठित

- **एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का आदेश, तथाकथित शिक्षा माफियाओं की भूमिका पर टिकी निगाहें**

**केटी न्यूज/बक्सर**

सरकारी विद्यालयों में साफ-सफाई कार्य के नाम पर कथित वित्तीय घोटाले को लेकर केशव टाइम में प्रकाशित खबर का आखिरकार असर दिखने लगा है। मिलते-जुलते नाम वाली कंपनियों के जरिये दो वर्षों से चल रहे कथित खेल को लेकर शिक्षा विभाग की नींद टूटी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) संदीप रंजन ने जांच और कार्रवाई के लिए तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया है। डीईओ द्वारा गठित इस समिति में योजना एवं लेखा डीपीओ चंदन कुमार द्विवेदी, स्थापना डीपीओ रजनीश उपाध्याय तथा बक्सर सदर प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश राम को शामिल किया गया है। तीनों अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर पूरे मामले की गहन जांच कर अपनी रिपोर्ट जिला शिक्षा पदाधिकारी को समर्पित करें।

**खबर के बाद हरकत में आया विभाग**

गौरतलब है कि केटी न्यूज में प्रकाशित रिपोर्ट में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ था कि जिस एजेंसी फर्स्ट आईडिया डिजिटल एप्लीकेशन प्राइवेट लिमिटेड का चयन विभागीय स्तर पर किया गया था, कार्यादेश और भुगतान उससे अलग नाम वाली कंपनी फर्स्ट आईडिया डिजिटल्स एप्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड को किया जा रहा है। दोनों कंपनियों का जीएसटी, पैन और सीआईएन नंबर तक अलग-अलग होना इस पूरे प्रकरण को और भी संदिग्ध बनाता है। खबर छपने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। सूत्रों की मानें तो मामला मीडिया में आने के बाद ही विभागीय स्तर पर गंभीरता से संज्ञान लिया गया, जिससे यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि यदि खबर प्रकाशित नहीं होती तो क्या यह कथित खेल यूं ही चलता रहता।

**गहराई से जांच हुई तो खुलेंगे राज, बेनकाब होंगे कई बड़े चेहरे**

शिक्षा विभाग से जुड़े जानकारों का कहना है कि यदि जांच निष्पक्ष और गहराई से की गई, तो इस पूरे खेल के पीछे सक्रिय तथाकथित शिक्षा माफियाओं की करतूत खुलकर सामने आ सकती है। बताया जा रहा है कि वर्षों से शिक्षा विभाग में ठेके, आपूर्ति और योजनाओं के नाम पर माफियागिरी का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय रहा है, जो अपने प्रभाव और दबाव के बल पर विभागीय अधिकारियों से मनचाहे फैसले कराता रहा है। जानकारों का कहना है कि पारदर्शी तरीके से जांच होने पर कई बड़े चेहरे बेनकाब हो सकते है।

**पारदर्शिता की अग्निपरीक्षा**

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि गठित जांच टीम कितनी पारदर्शिता और ईमानदारी से जांच करती है। क्या जांच केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाएगी या फिर वास्तव में जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों पर कार्रवाई होगी, यह पहली बार नहीं है जब बक्सर शिक्षा विभाग भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरा हो। अतीत में भी कई मामलों में जांच हुई, लेकिन नतीजे अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे।

**एक सप्ताह बाद खुलेगा सच**

फिलहाल जिले की निगाहें जांच टीम की रिपोर्ट पर टिकी हैं। एक सप्ताह बाद आने वाली रिपोर्ट यह तय करेगी कि यह मामला महज प्रशासनिक चूक था या फिर करोड़ों के संभावित घोटाले की सुनियोजित साजिश। साथ ही यह भी स्पष्ट होगा कि शिक्षा विभाग इस बार भ्रष्टाचार के खिलाफ कितनी मजबूती से खड़ा होता है, या फिर पुरानी कहानी एक बार फिर दोहराई जाएगी।

## आज से लागू हुई नई व्यवस्था, न्यायालय से बैंक तक डिजिटल नकल मान्य

# बिहार में भूमि अभिलेखों की नकल अब पूरी तरह डिजिटल, कागजी प्रतिलिपि का युग



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार सरकार ने भूमि से जुड़े राजस्व अभिलेखों की प्रक्रिया में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए 01 जनवरी 2026 से सत्यापित प्रतिलिपि (नकल) निर्गत करने की व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल कर दिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के सचिव द्वारा 24 दिसंबर 2025 को जारी पत्र के आलोक में राज्यभर में यह नई प्रणाली लागू कर दी गई है। इसके साथ ही वर्षों से चली आ रही भौतिक यानी कागजी सत्यापित प्रतिलिपि की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है।

### अब केवल डिजिटल हस्ताक्षरित नकल ही होगी मान्य

इस संबंध में अपर जिला दंडाधिकारी, अरुण कुमार सिंह ने स्पष्ट जानकारी देते हुए बताया कि अब भूमि से संबंधित सभी प्रकार के अभिलेख, जमाबंदी, खतियान, खेसरा, एल.पी.सी. (लैंड पजेशन सर्टिफिकेट), म्यूटेशन सहित अन्य दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां केवल भू-अभिलेख पोर्टल के माध्यम से ही उपलब्ध कराई जाएंगी। ये प्रतिलिपियां सक्षम पदाधिकारी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षरित होंगी और इन्हीं को विधिसम्मत प्रमाणित प्रतिलिपि माना जाएगा। उन्होंने बताया कि 01 जनवरी 2026 से किसी भी परिस्थिति में कागजी सत्यापित नकल निर्गत नहीं की जाएगी। आम नागरिकों को अब भूमि अभिलेखों के लिए अंचल या अन्य कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### संशोधित नियमों के तहत न्यायालय और बैंक में भी वैध

एडीएम अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बिहार अभिलेखागार हस्तक, 1960 के संशोधित नियमों के अंतर्गत ऑनलाइन प्रणाली से निर्गत डिजिटल हस्ताक्षरित प्रतिलिपि को ही अब वैध प्रमाणित प्रतिलिपि की मान्यता दी गई है। यह डिजिटल नकल न्यायालय, बैंक, वित्तीय संस्थानों एवं अन्य सभी सरकारी व गैर-सरकारी प्रयोजनों के लिए पूर्ण रूप से मान्य होगी। इस निर्णय से दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर संदेह की गुंजाइश समाप्त होगी और फर्जी नकल की संभावना पर भी प्रभावी रोक लगेगी।

### ऑनलाइन आवेदन और शुल्क भुगतान की सुविधा

नई व्यवस्था के तहत नागरिक भू-अभिलेख पोर्टल पर उपलब्ध स्कैन किए गए अभिलेखों के आधार पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क का डिजिटल माध्यम से भुगतान कर डिजिटल हस्ताक्षरित प्रतिलिपि सीधे पोर्टल से डाउनलोड की जा सकेगी। यदि किसी आवेदक का अभिलेख फिलहाल पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है, तो उसकी मांग भी ऑनलाइन माध्यम से ही दर्ज की जा सकेगी। संबंधित अभिलेख की उपलब्धता सुनिश्चित होने के बाद उसकी डिजिटल हस्ताक्षरित प्रतिलिपि आवेदक को प्रदान की जाएगी।

### नागरिकों को बड़ी राहत, प्रशासनिक पारदर्शिता में इजाफा

प्रशासन का मानना है कि इस नई डिजिटल प्रणाली से आम लोगों को अनावश्यक कार्यालयी दौड़ से मुक्ति मिलेगी। समय, श्रम और धन की बचत के साथ-साथ प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। साथ ही, रिकॉर्ड प्रबंधन अधिक सुरक्षित और सुव्यवस्थित होगा।

एडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित राजस्व एवं अंचल कार्यालयों को नई व्यवस्था के अनुरूप कार्य करने के स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर नागरिकों को परेशानी न हो।

### डिजिटल बिहार की दिशा में मजबूत कदम

भूमि अभिलेखों की सत्यापित प्रतिलिपि को पूरी तरह डिजिटल करना बिहार सरकार के ई-गवर्नेंस अभियान की दिशा में एक मजबूत और दूरगामी कदम माना जा रहा है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया सरल होगी, बल्कि आम जनता का भरोसा भी सरकारी तंत्र पर और मजबूत होगा।

## एक नजर

### कृष्णाब्रह्म पुलिस ने शराब के नशे में धुत 8 लोगों को दबोचा, भेजा कोर्ट

**कृष्णाब्रह्म।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के क्रम में कृष्णाब्रह्म पुलिस ने एक बार फिर कड़ा संदेश दिया है। बुधवार की देर रात स्थानीय थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर शराब के नशे में झूमते कुल आठ लोगों को पुलिस ने धर दबोचा। गश्ती के दौरान संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया और थाने लाकर ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। शराब पीने की पुष्टि होते ही गुरुवार को सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार लोगों में भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत करमा पकड़ी गांव निवासी मंटू मुसहर, बिहिया थाना क्षेत्र के ओसाई गांव निवासी रौशन कुमार, चंदन कुमार, मुरारी कुमार, प्रशांत कुमार एवं मुन्ना कुमार शामिल हैं। वहीं बगेन थाना क्षेत्र के धरौली गांव निवासी मंटू यादव तथा छोटका ढकाइच गांव निवासी गुड्डू मुसहर को भी पुलिस ने शराब के नशे में गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई को लेकर कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संदीप कुमार राम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शराब पीने, बेचने या तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में शराब सेवन पर अंकुश लगेगा और कानून व्यवस्था मजबूत होगी। पुलिस की यह कार्रवाई शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

### प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से नव वर्ष 2026 का लोगो ने किया स्वागत

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र में नव वर्ष 2026 का स्वागत लोगों ने पूरे उत्साह, उमंग और धूमधाम के साथ किया। बुधवार की रात से ही क्षेत्र के बाजारों, चौक-चौराहों और गांवों में रौनक देखने को मिली। जैसे ही घड़ी ने बारह बजाए, लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और खुशियों का इजहार किया। युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं बच्चों और बुजुर्गों ने भी नव वर्ष का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया।नव वर्ष के अवसर पर कई लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की। वहीं कुछ स्थानों पर भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। घरों में विशेष व्यंजन बनाए गए और परिवार के साथ बैठकर लोगों ने नए साल की शुरूआत की। बाजारों में देर रात तक चहल पहल बनी रही, जिससे उत्सव का माहौल और भी जीवंत हो उठा।युवाओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी नव वर्ष की शुभकामनाएं साझा कीं। ग्रामीण इलाकों में मित्रों और रिश्तेदारों के बीच मिलन-संवाद का सिलसिला चलता रहा। हालांकि, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस भी सतर्क नजर आई। प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस गश्त की गई, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

### नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के बीच बांटा गया कॉपी कलम

**केसठ।** नव वर्ष के पावन अवसर पर प्रखंड के कुलमनपुर गांव में शिक्षा को बढ़ावा देने की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। डी फॉर ऑल क्लासेज के तत्वावधान में गांव के बच्चों के बीच कॉपी और कलम का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नव वर्ष की शुरूआत शिक्षा और सकारात्मक सोच के साथ करना रहा, ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़े। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला युवा महासचिव ऋषि कांत दुबे उर्फ गोल्डी दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो समाज और देश को आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को शिक्षा से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे सही दिशा में आगे बढ़ सकें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।डी फॉर ऑल क्लासेज के संस्थापक रोहित दुबे ने कहा कि संस्था द्वारा नव वर्ष के अवसर पर यह छोटा-सा प्रयास बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि जब बच्चों को कॉपी और कलम जैसे शैक्षणिक साधन मिलते हैं, तो उनमें सीखने की ललक बढ़ती है और वे शिक्षा को अपने जीवन का अहम हिस्सा मानने लगते हैं। नव वर्ष केवल उत्सव और मनोरंजन तक सीमित न रहकर शिक्षा और संस्कार से जुड़ा होना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों

## जर्जर हाई टेंशन तार बना किसानों की तबाही की वजह, ट्रैक्टर लदे धान के बोझे जलकर राख

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के मंगरॉव पंचायत अंतर्गत उतड़ी कला गांव में बिजली विभाग की घोर लापरवाही एक बार फिर किसानों पर भारी पड़ी। जर्जर और लटकते हाई टेंशन तार की चपेट में आने से ट्रैक्टर पर लदा धान का पूरा बोझा जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते बड़ा जान-माल का नुकसान टल गया, लेकिन किसानों को भारी आर्थिक क्षति झेलनी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उतड़ी कला गांव निवासी किसान शिव कैलाश सिंह ने मजदूरों से धान की कटनी कराई थी। कटे हुए धान को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लादकर वे अपने खलिहान की ओर जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर गांव के पुल के पास पहुंचा, पहले से जर्जर होकर लटक रहा हाई टेंशन तार अचानक ट्रॉली के संपर्क में आ गया। चिंगारी निकलते ही धान के बोझे में आग लग गई और देखते ही देखते लपटें उठने लगीं। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद किसान और ग्रामीण दौड़ पड़े। सूझबूझ दिखाते हुए



सबसे पहले ट्रॉली को ट्रैक्टर के इंजन से अलग किया गया, ताकि बड़ा हादसा न हो। इसके बाद समरसेबल चलाकर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक ट्रॉली पर लदा पूरा धान जलकर राख हो चुका था। घटना को लेकर गांव में आक्रोश है। ग्रामीण मोहन राय, भानु राय, ललन राय सहित अन्य किसानों ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि इस जर्जर हाई टेंशन तार को बदलने के लिए कई बार विभाग को सूचना दी गई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने बताया कि एक सप्ताह पहले देवढ़िया गांव में भी इसी तार की वजह से धान के बोझे में आग लग चुकी है, उस दिन संयोगवश बड़ा हादसा टल गया था।

## नववर्ष की रात स्टेशन परिसर में दिखी इंसानियत की गर्माहट

- **रेड क्रॉस की पहल से ठंड में कांपे असहायों को मिला राहत का कंबल**

केटी न्यूज/डुमरांव

कड़ाके की ठंड और नववर्ष की पूर्व संध्या, जब अधिकतर लोग जश्न में डूबे थे, उसी वक्त डुमरांव स्टेशन परिसर में मानवता का एक अलग ही दृश्य देखने को मिला। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला उप शाखा डुमरांव ने ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद व असहाय लोगों के बीच राहत पहुंचाकर इंसानियत की मिसाल पेश की। उप शाखा के उपाध्यक्ष सह अनुमंडलाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में रेड क्रॉस की टीम देर शाम स्टेशन परिसर पहुंची। सदस्यों ने प्रतीक्षालय, फुट ओवरब्रिज के नीचे, पूछताछ कार्यालय के आसपास और खुले आसमान के नीचे रहने वाले लोगों को खोज-खोजकर गर्म कंबल ओढ़ाए। यह पहल केवल सामग्री वितरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि जरूरतमंदों से संवाद कर उन्हें ठंड से बचाव के उपाय भी बताए गए।




बेहतर गुणवत्ता वाले कंबल पाकर असहाय लोगों के चेहरे पर जो संतोष और राहत दिखी, वही इस मानवीय कार्य की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कई बुजुर्गों और बेसहारा लोगों ने रेड क्रॉस टीम को आशीर्वाद देते हुए भावुक शब्दों में आभार प्रकट किया। नववर्ष की ठिठुरन भरी रात में यह सहायता उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं थी। इस सेवा कार्य में उप शाखा के सचिव मोहन गुप्ता की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। हाल ही में हार्ट अटैक के बाद इलाजरत होने के बावजूद उन्होंने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई, जो उनके सेवा भाव और समर्पण को दशार्ता है। उनके साथ कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, आजीवन सदस्य सह समाजसेवी राजीव रंजन सिंह और संतोष शर्मा ने भी पूरे उत्साह के साथ योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान वरीय सदस्य अनिल कुमार ओझा, शिक्षक रविशंकर सिंह, उपेंद्र तिवारी, सर्वजीत कुमार, संटू मित्रा, अमित पाठक तथा आरपीएफ हवलदार ब्रजेश राय की भी सक्रिय उपस्थिति रही।

रेड क्रॉस की यह पहल यह संदेश देती है कि सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के जरिए ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। नववर्ष की शुरूआत में दिया गया यह सेवा संदेश आने वाले समय में औरों को भी मानवता के इस पथ पर चलने के लिए प्रेरित करेगा।

# नववर्ष पर बक्सर प्रशासन अलर्ट, घाटों से लेकर पिकनिक स्थलों तक रहा कड़ा पहरा, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**केटी न्यूज/बक्सर**

नववर्ष के अवसर पर जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बक्सर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी साहिला के स्पष्ट निर्देश पर जिले के सभी प्रमुख गंगा घाटों, पर्यटन एवं पिकनिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर सतत निगरानी सुनिश्चित की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण**





नववर्ष के मौके पर संभावित भीड़ को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर अविनाश कुमार तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव पांडेय ने अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ जिले के प्रमुख गंगा घाटों और पिकनिक स्थलों का भ्रमणशील गश्ती (पेट्रोलिंग) किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने मौके पर तैनात पुलिस बल को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए।

**भीड़ नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर**

प्रशासन की ओर से नववर्ष पर उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष रणनीति अपनाई गई। सभी संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई। असामाजिक तत्वों, शराब के अवैध सेवन एवं बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी गई। इसके साथ ही तेज गति से वाहन चलाने, स्टंट करने और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**कानून तोड़ने वालों पर त्वरित कार्रवाई के आदेश**

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि छेड़छाड़, हुड़दंग, शांति भंग करने या सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासनहीनता फैलाने वालों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों एवं मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) को भी सक्रिय रखा गया है।

**नागरिकों से सहयोग की अपील**

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि नववर्ष का उत्सव शालीनता, संयम और कानून के दायरे में रहकर मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस या प्रशासन को देने का आग्रह किया गया है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि बक्सर में नववर्ष का उत्सव शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, केलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरुण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरुवार

## धूप ने दी ठंड से राहत, देर रात तक जश्न; बच्चों और किशोरों में दिखा खास जोश

# नववर्ष के रंग में रंगा बक्सर : मंदिरों से पिकनिक स्पॉट तक उमड़ा उल्लास का सैलाब













**केटी न्यूज/बक्सर**

नववर्ष के आगाज के साथ ही ऐतिहासिक नगरी बक्सर जश्न और उत्साह में सराबोर नजर आई। साल की पहली सुबह से लेकर देर रात तक शहर और आसपास के इलाकों में खुशियों की रौनक छाई रही। जैसे ही घड़ी की सुईयों ने मध्य रात्रि का संकेत दिया, मोबाइल फोन की घंटियों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शुभकामनाओं का सिलसिला शुरू हो गया। लोग एक-दूसरे को ह्लहैप्पी न्यू ईयरह्व कहकर नए साल की बधाइयाँ देते दिखे।

सुबह होते ही मौसम ने भी मानो जश्न का साथ दिया। खिली धूप ने ठंड से राहत दी और लोगों का उत्साह दोगुना कर दिया। स्नान-ध्यान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों की ओर रवाना हुए। मंगला भवानी मंदिर सहित शहर के विभिन्न शिवालयों और देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भीड़ उमड़ी। लोगों ने नए साल की शुरूआत सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ की।

### पिकनिक स्पॉटों पर दिनभर चहल-पहल

धार्मिक आस्था के बाद लोगों का रुख पिकनिक स्पॉटों की ओर हो गया। बक्सर और डुमरांव के होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे दिनभर गुलजार रहे। गंगा घाटों, सार्वजनिक जलाशयों, बागीचों और खुले मैदानों में पिकनिक मनाने वालों की भारी भीड़ देखी गई। खासकर बक्सर के गंगा तट पर रेत पर सजे पिकनिक का नजारा देखते ही बन रहा था। परिवार, मित्र मंडली और युवाओं के समूह गीत-संगीत, खेल और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ नववर्ष का आनंद लेते नजर आए। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग गहमर स्थित कामाख्या मंदिर और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती पिकनिक स्थलों पर भी पहुंचे। दोपहर से लेकर शाम तक सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बढ़ी रही, जिससे पूरे इलाके में उत्सव का माहौल बना रहा।

### बच्चों और किशोरों में दिखा खास उत्साह

नववर्ष का सबसे रंगीन रूप बच्चों और किशोरों में देखने को मिला। सुबह से ही बच्चे अपने दोस्तों के साथ नए कपड़ों में पिकनिक मनाने निकल पड़े। कहीं क्रिकेट तो कहीं बैडमिंटन और अंताक्षरी की धूम रही। हर तरफ ह्लहैप्पी न्यू ईयरह्व की गूंज सुनाई दे रही थी। किशोरों में सेल्फी लेने और सोशल मीडिया पर नए साल के पल साझा करने का खास उत्साह दिखा। कुल मिलाकर, नववर्ष 2026 का पहला दिन बक्सरवासियों के लिए खुशियों, आस्था और आपसी मेलजोल का प्रतीक बन गया। ठंड से राहत देती धूप, मंदिरों की घंटियां और पिकनिक स्पॉटों की चहल-पहल ने इस दिन को यादगार बना दिया।

## एक नजर

### भरियार चौरास्ता बना जलनिकासी की जंग का मैदान



**चक्की।** चंदा पंचायत अंतर्गत भरियार चौरास्ता पर प्रस्तावित नाली निर्माण अब स्थानीय असंतोष का बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। जिप स्टैंड से धर्मावती नदी तक मुख्य मार्ग के किनारे हो रहे नाली निर्माण को ग्रामीण पूरी तरह नाकाफी बता रहे हैं। उनका कहना है कि यह काम नाली के नाम पर औपचारिकता है, जबकि क्षेत्र की जरूरत एक मजबूत और स्थायी पक्का नाला है। सरकारी स्वीकृति के अनुसार इस मार्ग पर करीब 800 मीटर लंबी और एक फीट मोटाई की नाली का निर्माण होना है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में मुखिया मद से बनी नाली तकनीकी खामियों के कारण कुछ ही समय में बेकार साबित हुई। अब एक बार फिर उसी तरह की नाली बनाई जा रही है, तो समस्या दोहराना तय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह इलाका जलजमाव से बुरी तरह प्रभावित होता है। सड़क किनारे जमा पानी से न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं और बीमारियों का भी खतरा बना रहता है। ऐसे में पतली नाली नहीं, बल्कि पक्का नाला ही एकमात्र समाधान है। चेयरमैन प्रतिनिधि परमानंद यादव ने स्वीकार किया कि पुरानी नाली सही ढंग से नहीं बनी थी, जिसकी कीमत ग्रामीणों को चुकानी पड़ी। उन्होंने बताया कि योजना में भले ही एक फीट मोटाई की नाली स्वीकृत है, लेकिन जनहित को देखते हुए 20 इंच मोटाई में और अधिकतम संभव लंबाई तक निर्माण कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही डीडीसी से बात कर नाले को सीधे धर्मावती नदी से जोड़ने की मांग रखी जाएगी। वहीं समाजसेवी चमचम पाण्डेय, बंसीधर चौधरी और रामजी तुरहा ने दो टूक कहा कि यहां नाली नहीं, बल्कि पक्का नाला ही व्यावहारिक और स्थायी समाधान है। ग्रामीणों ने प्रशासन से योजना में आवश्यक बदलाव कर ठोस निर्णय लेने की मांग करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि आधे-अधूरे समाधान अब स्वीकार नहीं होंगे।

### श्रद्धा, उल्लास और सुरक्षा के बीच डुमरांववासियों ने किया नववर्ष 2026 का स्वागत



**डुमरांव ।** नववर्ष 2026 का स्वागत गुरुवार को लोगों ने जोरदार तरीके से किया। हर कोई इसकी तैयारी में था। लोगों ने मंदिरों में शीश नवाए और नये वर्ष में बेहतरीन के लिए दुआएं मांगी। पिकनिक का दौर भी चला। हालांकि ठंड का भी असर देखा गया। नववर्ष के जश्न को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी पिकनिक स्पॉट गुलजार रहे। मंदिरों में माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पूरे दिन उमड़ी रही। लोगों ने मंदिरों में माथा टेक नये साल की शुरूआत की। स्थानीय शहर के बाबा जंगलीनाथ महादेव मंदिर, मां डुमरेजनी मंदिर, मां काली मंदिर, राजगढ़ आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने देर शाम तक पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गोलगप्पे, चाट, मोमोज, चाउमीन, बर्गर सहित रेस्टोरेंट पर लजीज पकवानों का जमकर लुफ्त उठाया। सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारी और जवान तैनात रहे। नये साल में हुड़दंगियों व शराबियों पर पुलिस की पैनी नजर रही। शहर के जगह-जगह वाहनों की चेकिंग हुई। होटल व रेस्टोरेंट पर पुलिस की कड़ी निगाह रही। पुलिस की सतर्कता के चलते देर शाम तक शहर में व्यवस्थित तरीके से ही लोगों ने नये साल का जश्न मनाया। कई पिकनिक स्पॉटों पर लोग खानपान की सामग्री लेकर पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने भी आने-जाने वालों पर नजर बनाकर रखी, जिससे वाहन चालक व्यवस्थित रहे। पुलिस की तैनाती के चलते शरारती तत्वों में खौफ रहा, जिसके कारण शहर में नववर्ष की पूर्व संध्या या नववर्ष पर लोगों ने हुड़दंग नहीं किया। एसडीओ राकेश कुमार व एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि सभी पिकनिक स्पॉटों पर महिला व पुरुष पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी थी ताकि शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रह सके। इसके साथ विभिन्न सड़को पर पुलिस की गश्ती वाहन दौड़ती रही। कई जगहों पर पुलिस ने शराब के खिलाफ अभियान भी चलाया। इस दौरान जंगलीनाथ महादेव मंदिर में आयोजकों द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन समिति के रमेश कुमार रौनियार, संतोष केशरी, आचार्य विंध्याचल ओझा, डॉ. सुभाष चंद्रशेखर, राजकुमार शर्मा, राजू गुप्ता, दीपक कुमार आदि सदस्यों ने बाबा जंगलीनाथ महादेव में दर्शन-पूजन करने आए राजपरिवार के शिवांग विजय सिंह व एसडीओ को अंग वस्त्र से सम्मानित किया।

## जिलाधिकारी ने लोक शिकायतों की द्वितीय अपील की सुनवाई, 11 मामलों पर हुई कार्यवाही

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में लोक शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण को लेकर जिला प्रशासन गंभीर दिख रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी साहिला द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत दायर द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान कुल 11 मामलों की सुनवाई की गई, जो सभी लोक शिकायत अधिकार निवारण से संबंधित थे। सुनवाई के क्रम में जिलाधिकारी ने एक-एक मामले की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली। प्राप्त तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा 11 में से 04 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों में आवश्यक निर्देश देते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि लोक शिकायत निवारण प्रणाली का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या टालमटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा शिकायतकताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सुनवाई में स्थापना उप समाहर्ता बक्सर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद डुमरांव समाहरणालय से उपस्थित रहे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्रह्मपुर, अंचल अधिकारी इटाढ़ी, चौसा, नावानगर एवं डुमरांव भी शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित मामलों में स्थिति स्पष्ट की और दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से की जा रही इस प्रकार की सुनवाई से आम नागरिकों में न्याय की उम्मीद मजबूत हुई है। साथ ही यह पहल प्रशासनिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही को भी सुदृढ़ कर रही है।

## शहरी क्षेत्रों में वंशावली निर्गत की स्पष्ट व्यवस्था, अंचलाधिकारी बने सक्षम प्राधिकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा वंशावली निर्गत करने की प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से चली आ रही असमंजस की स्थिति को समाप्त कर दिया गया है। विभाग के पत्रांक 08/विविध पत्राचार (वंशावली) 545 दिनांक 24 दिसंबर 2025 के आलोक में नगर निकाय क्षेत्रों में वंशावली निर्गत करने हेतु सक्षम प्राधिकारी निर्धारित कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय से शहरी क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अपर समाहर्ता (एडीएम) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अब नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों की वंशावली निर्गत करने का अधिकार संबंधित अंचल क्षेत्र के अंचलाधिकारी को दिया गया है। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में वंशावली से संबंधित अधिकारिक अस्पष्टता का पूर्णतः समाधान हो गया है।

**ग्रामीण-शहरी व्यवस्था में आया संतुलन**

एडीएम श्री सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से ही सरपंच द्वारा वंशावली निर्गत किए जाने की व्यवस्था लागू है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में अब तक इस विषय में कोई स्पष्ट नियम नहीं होने के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। वंशावली जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज के लिए नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और संसाधनों की अनावश्यक बबार्दी होती थी। उन्होंने बताया कि इस विषय पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा विधिक परामर्श लिया गया। सभी पहलुओं पर गंभीर विचार-विमर्श के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि शहरी क्षेत्रों में अंचलाधिकारी को वंशावली निर्गत करने का सक्षम प्राधिकारी बनाया जाए, ताकि प्रक्रिया सरल, स्पष्ट और पारदर्शी हो सके।

**नागरिकों को मिलेगी त्वरित व पारदर्शी सेवा**

एडीएम अरुण कुमार सिंह ने कहा कि इस निर्णय से नगर क्षेत्रों के आम नागरिकों को वंशावली प्राप्त करने में सुविधा, पारदर्शिता और त्वरित सेवा सुनिश्चित होगी। अब लोगों को अनावश्यक भटकाव, दलालों की शरण या लंबे विलंब का सामना नहीं करना पड़ेगा। एक ही सक्षम प्राधिकारी के होने से जवाबदेही भी तय होगी और शिकायतों में कमी आएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। साथ ही भविष्य में यदि व्यावहारिक कठिनाइयां सामने आती हैं तो आवश्यकतानुसार इसकी समीक्षा कर संशोधन भी किया जा सकता है, ताकि व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

**प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश**

जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नई व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही आम नागरिकों को इस बदलाव की व्यापक जानकारी देने के लिए भी कहा गया है, ताकि लोग सही प्राधिकारी के पास जाकर समय पर वंशावली प्राप्त कर सकें। प्रशासनिक हलकों में इस निर्णय को जनहित में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे शहरी क्षेत्रों में प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास और सुगमता दोनों को मजबूती मिलेगी।

## नववर्ष पर सेवा का संकल्प, 86 वर्ष की उम्र में भी समाज के लिए प्रेरणा बने पूर्व कैप्टन यमुना सिंह

- **जन्मदिन को उत्सव नहीं, जिम्मेदारी बनाया; शिक्षा के जरिए बदली बच्चों की मुस्कान**

**केटी न्यूज/चौसा**



जब अधिकतर लोग जन्मदिन को दिखावे और औपचारिकता के साथ मनाते हैं, ऐसे दौर में असम रेजिमेंट के पूर्व कैप्टन यमुना सिंह ने नववर्ष और अपने 86वें जन्मदिन को सेवा, संवेदना और सामाजिक दायित्व का प्रतीक बना दिया। उन्होंने यह संदेश दिया कि असली खुशी केक काटने में नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन में उम्मीद जगाने में है।

नववर्ष के मौके पर पूर्व कैप्टन यमुना सिंह ने अपने परिजनों के साथ सादगीपूर्ण ढंग से जन्मदिन मनाया। इसके बाद उन्होंने गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के बीच कॉपी, कलम, पुस्तक और टॉफी का वितरण किया। बच्चों को जब शिक्षण सामग्री मिली तो उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ नजर आया। यह दृश्य सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के लिए एक मजबूत संदेश था।

### शिक्षा को बताया सबसे बड़ा हथियार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैप्टन यमुना सिंह ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो बच्चों को अंधकार से निकालकर उजाले की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि जीवन में सबसे बड़ा सुख जरूरतमंदों की मदद करने से मिलता है। यदि हम अपने संसाधनों का थोड़ा सा हिस्सा भी समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों पर खर्च करें, तो आने वाला कल बेहतर बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वे हर वर्ष अपना जन्मदिन इसी तरह सेवा कार्यों के साथ मनाते हैं, ताकि समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का संदेश जा सके।

### गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति


इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शैलेश सिंह, सुमन देवी, देवंती देवी, उषा देवी, गंगा सागर सिंह, अभय नारायण सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पूर्व कैप्टन के दीघार्यु होने की कामना की और उनके सामाजिक योगदान को अनुकरणीय बताया। 86 वर्ष की उम्र में भी पूर्व कैप्टन यमुना सिंह का यह सेवा भाव यह साबित करता है कि समाज के लिए कुछ करने की कोई उम्र नहीं होती। उनका यह कदम न सिर्फ बच्चों के भविष्य में निवेश है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरक

## नववर्ष पर हरियाली की सौगात, युवाओं ने पौधरोपण से दिया प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नववर्ष के स्वागत को इस बार युवाओं ने उत्सव नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में मनाया। पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखते हुए डुमरांव नगर क्षेत्र में युवाओं ने पौधरोपण कर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया कि प्रकृति के बिना भविष्य की कल्पना अधूरी है। यह पहल बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी जल-जीवन-हरियाली अभियान को धरातल पर उतारने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है। नगर परिषद के ब्रांड एम्बेसडर अजय राय के नेतृत्व में दक्षिण टोला डुमरेजनी रोड पर नववर्ष के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर ह्लसांसे हो रही कम, पेड़ लगाएं हमह्व जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान केवल पौधे ही नहीं लगाए गए, बल्कि लोगों को पेड़ों की अहमियत भी समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान अजय राय ने स्थानीय लोगों को स्वयं पेड़ न काटने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें पेड़ों के रूप में अमूल्य उपहार दिया है, जो जीवन के हर पहलू से जुड़ा हुआ है। पेड़ न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि हवा को शुद्ध करने, मिट्टी को बचाने, जल संतुलन बनाए रखने और जैव विविधता को संरक्षण देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर कुल पांच पौधे लगाए गए, जिनमें दो आंवला, एक आम और एक नींबू का पौधा शामिल है। पौधों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें बांस की खपच्चियों से घेरकर सुरक्षित किया गया, ताकि पशुओं से नुकसान न हो सके। यह पहल दशार्ती है कि केवल पौधा लगाना ही नहीं, बल्कि उसकी देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी अभिषेक रंजन, शुभम राय, शशि कुमार, राहुल सूर्यवंशी, प्रमोद खरवार, दिनेश सिंह सहित कई जागरूक युवा मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएंगे और हरियाली को जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाएगा। नववर्ष पर युवाओं की यह पहल न सिर्फ प्रेरणादायक है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की नींव रख सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने लोक शिकायतों की द्वितीय अपील की सुनवाई, 11 मामलों पर हुई कार्यवाही



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में लोक शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण को लेकर जिला प्रशासन गंभीर दिख रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी साहिला द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत दायर द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान कुल 11 मामलों की सुनवाई की गई, जो सभी लोक शिकायत अधिकार निवारण से संबंधित थे। सुनवाई के क्रम में जिलाधिकारी ने एक-एक मामले की विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली। प्राप्त तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा 11 में से 04 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों में आवश्यक निर्देश देते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि लोक शिकायत निवारण प्रणाली का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या टालमटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

सुनवाई में स्थापना उप समाहर्ता बक्सर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद डुमरांव समाहरणालय से उपस्थित रहे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्रह्मपुर, अंचल अधिकारी इटाढ़ी, चौसा, नावानगर एवं डुमरांव भी शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित मामलों में स्थिति स्पष्ट की और दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने का आश्वासन दिया।

जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से की जा रही इस प्रकार की सुनवाई से आम नागरिकों में न्याय की उम्मीद मजबूत हुई है। साथ ही यह पहल प्रशासनिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही को भी सुदृढ़ कर रही है।

# नए साल पर पटना की ट्रैफिक व्यवस्था सख्त कई इलाकों में ऑटो और ई-रिक्शा पूरी तरह बैन

**एजेंसी। पटना**

पटना में नववर्ष और गांधी मैदान सरस मेले को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में, ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो और ई-रिक्शा पर प्रतिबंध लगाया, अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षित जश्न के लिए विशेष तैयारियां। नववर्ष और गांधी मैदान में आयोजित सरस मेले को देखते हुए पटना प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। भारी भीड़ की संभावना के कारण ट्रैफिक पुलिस ने शहर के मध्य हिस्से, विशेषकर गांधी मैदान और आसपास के इलाकों में कड़ी ट्रैफिक व्यवस्था लागू की है। गुरुवार को इन क्षेत्रों में ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने भी किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रमुख अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है और विशेष



मेडिकल टीमें तैनात की हैं। पीएमसीएच, आईजीआईएमएस, एम्स और गार्डिनर रोड अस्पताल सहित नौ स्वास्थ्य टीमें 24 घंटे सक्रिय रहेंगी। ये टीमें भीड़भाड़ वाले इलाकों और ट्रॉमा-संवेदनशील मार्गों पर तैनात रहकर त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करेंगी। गांधी मैदान और आसपास के क्षेत्रों में ऑटो और ई-रिक्शा प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। दानापुर से राजापुर पुल होते हुए आने वाले वाहनों को पुलिस लाइन तिराहे से वापस मोड़ा जाएगा। अशोक राजपथ पर गायघाट की तरफ से आने वाले वाहन करगिल चौक से ही लौटेंगे। एग्जीबिशन रोड में भट्टाचार्य चौराहे से उत्तर गांधी मैदान की दिशा में ऑटो नहीं चलेंगे। एसपी वर्मा पथ से आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा स्वामीनंदन तिराहे तक ही जा सकेंगे, इसके आगे बाटा मोड़ से वापस भेजा जाएगा। बुद्धमार्ग, कोतवाली टी से पुलिस लाइन तिराहा और बैंक रोड तक ऑटो व ई-रिक्शा पर प्रतिबंध रहेगा। मछुआ टोली से बारी पथ होते हुए ठाकुरबाड़ी मोड़ तक वैकल्पिक आवागमन की अनुमति दी गई है। चिड़ियाघर गेट नंबर-01 और राजवंशीनगर हनुमान मंदिर के आसपास सड़क पर खड़ी गाड़ियों को क्रेन से हटाया जाएगा। वाहन वेटनरी कॉलेज के खाली मैदान में पार्क किए जाएंगे। पटना जंक्शन, हनुमान मंदिर और गोलंबर के आसपास सड़क किनारे पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। कुम्हरार पार्क के पास दोनों ओर की कच्ची फ्लैंक पर ही वाहन खड़े करने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, निर्धारित पार्किंग का ही उपयोग करें और किसी भी आपात स्थिति में घबराए बिना प्रशासन व स्वास्थ्य सेवाओं की मदद लें, ताकि नववर्ष का जश्न सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से मनाया जा सके।

# नववर्ष पर डीएम और एसपी ने जिला क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट का किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/नवादा**

1 जनवरी नव वर्ष के अवसर पर गुरुवार को नवादा जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक,अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से जिले के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम रजौली प्रखंड स्थित हरदिया डैम का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत ककोलत जलप्रपात का भी निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने जिले के समस्त नागरिकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जिले में भ्रमण हेतु आए सभी सैलानियों से अपील किया कि वे नव वर्ष को अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। साथ ही हरदिया डैम को और अधिक विकसित एवं पर्यटक अनुकूल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि जिले के सभी पिकनिक स्थलों पर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधि-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी जिलेवासियों से शांतिपूर्ण ढंग से नव वर्ष मनाने की अपील की। प्रशासन द्वारा सभी प्रमुख पर्यटन एवं पिकनिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि आमजन एवं सैलानियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन, प्रखंड विकास पदाधिकारी रजौली, अंचलाधिकारी रजौली, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोविंदपुर के सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बाइक और ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत, एक जख्मी

**केटी न्यूज/रोहतास**

थाना क्षेत्र के सासाराम चौसा पाथ पर कांति पथ के निकट बाइक और ट्रैक्टर मे टक्कर हो गई जिसमे बाइक सवार एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि पीछे बैठे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भागने मे सफल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सासाराम चौसा पथ पर कांति पथ के समीप खड़ी ट्रैक्टर में पीछे से बाइक टक्कर मार दी जिसमें एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि साथ में बैठे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भागने में कामयाब हो गया। मृतक की पहचान नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार निवासी राधाकृष्ण सेठ के 22 स्वर्गीय पुत्र शिव शंकर कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायल में नगर पंचायत के वार्ड तीन निवासी स्वर्गीय ललन सेठ के पुत्र 21 वर्ष वर्षीय लव कुश कुमार शामिल है। वहीं



घटना के स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना थाने को दी जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने जांच उपरांत शंकर कुमार को मृत्य घोषित कर दिया जबकि लव कुश कुमार का स्थिति नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया है। घटना के संदर्भ मे थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि सासाराम चौसा पथ पर कांति पथ के समीप ट्रैक्टर और बाइक में टक्कर हो गई है जिसमें बाइक सवार एक युवक शिव शंकर कुमार की मौत हो गई है और एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर परिजनो के सहमति के बाद पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं घटना के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। बताया जाता है कि मृतक के पिता गरीब परिवार से आते हैं और बाजार मे ठेले लगा कर बयापर कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है, मृतक युवक भी अपने पिता के कामों में हाथ बटाता था जहां उसके जाने के बाद परिवार वालों पर पहाड़ टूट पड़ा है।

# खेल भवन सह व्यायामशाला निर्माण को लेकर डीएम की अध्यक्षता में अहम बैठक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत खेल भवन सह व्यायामशाला भवन के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित भवन के निर्माण से जुड़ी विभिन्न प्रशासनिक, तकनीकी एवं सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), वरीय उपसमाहर्ता-सह-उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर, अंचलाधिकारी बक्सर, भवन निर्माण निगम लिमिटेड पटना के सहायक अभियंता तथा नगर थाना बक्सर के थानाध्यक्ष



सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिला पदाधिकारी ने चिन्हित भूमि की वर्तमान स्थिति, स्थल की उपलब्धता, निर्माण की समय-सीमा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक, विधिक अथवा स्थानीय बाधा उत्पन्न न हो और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना के सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि चिन्हित एवं खाली पड़े स्थल पर यथाशीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए तथा कार्य प्रगति की नियमित रिपोर्ट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए। वहीं अंचलाधिकारी बक्सर को भूमि से संबंधित सभी अभिलेखों की जांच कर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि प्रस्तावित स्थल पूर्णतः अतिक्रमण एवं विवाद से मुक्त है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं नगर थाना प्रभारी को निर्माण स्थल पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से संचालित हो सके।

बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने कहा कि खेल भवन सह व्यायामशाला का निर्माण जिले के युवाओं एवं खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण आधारभूत सुविधा साबित होगा। इससे खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं हो रहें लाभान्वित

**केटी न्यूज/रोहतास**

विद्युत विभाग के सभी उपभोक्ता केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अपना घर-आंगन रौशन कर सकते हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली बहुत ही फायदेमंद है। सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना संयंत्र लगाने पर लोगों को अनुदान मिलेगा। एक, दो और तीन किलोवाट के सोलर पैनल पर 30 से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी मिलेगी साथ ही बैंकों से सात फीसदी ब्याज पर दो लाख रुपए तक ऋण मिलेगा। बैंकों की ओर से ऋण राशि की वसूली शहरी क्षेत्रों में चार से पांच वर्षों में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सात से आठ वर्षों में की जाएगी। एक किलोवाट पर 30 हजार रुपए, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपए और तीन किलोवाट या उससे अधिक पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। 150 यूनिट बिजली प्रति माह के लिए 1 किलोवाट का सोलर पैनल, 300 यूनिट बिजली प्रति माह के लिए 2 किलोवाट का सोलर पैनल, 300 यूनिट तथा उससे अधिक बिजली खपत के लिए 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाए जा सकते है। 1 किलोवाट पर अस्सी हजार से एक लाख रुपए, दो किलोवाट पर एक लाख तीस हजार से एक लाख पचास हजार रुपए तथा 3 किलोवाट पर एक लाख नब्बे हजार से दो लाख रुपए तक की लागत आती है। सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घर का उपकरण चलाने के लिए किया जा सकता है व बची हुई बिजली को ग्रिड में भेजकर अतिरिक्त बिजली के विरुद्ध विपत्र में समायोजन किया जा सकता है। सूर्य ऊर्जा संयंत्र के लिए प्रति किलोवाट सौ वर्गफुट क्षेत्रफल की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा से वातावरण भी संतुलित रहेगा और बिजली बिल में भी कटौती होगी। सोलर पैनल के अच्छे तरीके से रखरखाव करने पर यह 25 वर्षों तक चलने योग्य हैं, जिससे लंबे समय तक मुफ्त बिजली का लाभ ले सकते हैं। सोलर पैनल लगवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए आवेदक के पास स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कनेक्शन, आधार कार्ड, बैंक अकाउंट, मोबाइल नंबर, पैन, ईमेल ऐड्रेस की आवश्यकता होगी, यदि बैंक से ऋण लेना है तो पैन कार्ड और ईमेल एड्रेस आवश्यक है।

## एक नजर

### ग्रामीणों के एनओसी के बाद हीं मिलेगा सफाई कर्मियों का भुगतान



**राजपुर।** लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन अन्तर्गत गांव के साफ सफाई में लगे कर्मियों का मानदेय भुगतान अब ग्रामीणों द्वारा नो ऑब्जेक्शन प्रमाण पत्र दिये जाने के बाद हीं होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी रविराज ने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन के प्रखंड कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार के मौजूदगी में स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मियों का मानदेय भुगतान अब उस वार्ड के ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर करके उसके गुणवत्ता पूर्ण कार्य किए जाने प्रमाण दिये जाने के बाद हीं होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी वार्ड अन्तर्गत ग्रामींण अगर अपने सफाई कर्मी के साफ सफाई कार्यो से संतुष्ट नहीं है,तो उसकी शिकायत प्रखंड कार्यालय को प्रदान करें। जिस आलोक में करवाई किया जाएगा। शौचालय जिन लोगों ने बनवा लिया है वे अपना आवेदन कार्यालय को प्रदान करें.अभिलंब भुगतान होगा। उन्होंने बताया कि स्वच्छता पर्यवेक्षकों के मनमानी रवैया पर अंकुश लगाने के लिए कार्यालय ने नियम बना दिया है। पर्यवेक्षक कब किस दिन को किस वार्ड में उपलब्ध रहेंगे ? यह कार्यालय द्वारा तय कर दिया गया है. पर्यवेक्षक उस समय में अपने मौजूदगी का एवं कार्य कराने की तस्वीर कार्यालय को लगातार भेजेंगे। मौके पर सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

### रेड लाइट एरिया कांड का मुख्य आरोपी राम प्रवेश को पुलिस ने भेजा जेल

**नासरीगंज ।** थाना क्षेत्र के बरडीहां गांव के रेड लाइट एरिया से पुलिस ने गत वर्ष दलालों के चंगुल से 17 नाबालिग किशोरियों को रेस्क्यू किया था। उसी मामले का नामजद फरार अभियुक्त काराकाट थाना क्षेत्र के करूप गांव निवासी राम प्रवेश सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर उस मामले में डेहरी महिला थानाध्यक्ष अंशु माला के द्वारा 11 नामजद और 15 से 20 आज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। गत रात्रि करूप गांव निवासी उस मामले के फरार नामजद अभियुक्त रामप्रवेश सिंह को घटना की अनुसंधानकर्ता पदाधिकारी एसआई शबनम कुमारी के नेतृत्व में गुप्त सूचना पर छापामारी अभियान चलाकर उसके गांव से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि विगत वर्ष 26 नवंबर को पुलिस ने एसपी के निर्देश पर एएसपी सह एसडीपीओ बिक्रमगंज संकेत कुमार के नेतृत्व में रेड लाइट एरिया में गुप्त सूचना पर छापामारी अभियान चलाकर देश के विभिन्न राज्यों की 17 नाबालिग किशोरियों को दलालों के चंगुल से रेस्क्यू कराया था।

### हजरत दाता कालन शाह के मजार पर अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मांगी दुआ

**नवादा।** जिले के रजौली स्थित खानकाह तकिया शरीफ में गुरुवार को सालाना उर्स का आयोजन किया गया। जो 11 रज्जब हजरत दाता कालन शाह के मजार पर रजौली ही नहीं बल्कि नवादा जिले के साथ-साथ राज्य के कई क्षेत्रों से आए सैकड़ों अकीदतमंदों ने हजरत दाता कालान शाह के मजार पर चादरपोशी की।वही खानकाह तकिया शरीफ पहुंचकर जनप्रतिनिधि सहित समाजसेवी ने मन्नतें मांगी।चादरपोशी कर हजारों अकीदतमंदों ने मन्नतें व दुआ मांगी। लोगों का कहना है कि हजरत दाता कालन शाह का जब रजौली में आगमन हुआ था,उस समय रजौली पूरा जंगल था। उन्होंने ईश्वर की घोर तपस्या की और ईश्वर के मित्र बना गए।यहां रहकर उन्होंने अपने मिशन व मानवता को बढ़ावा दिया और यही उनका देहांत भी हो गया। उनकी याद में ही हरेक साल बड़े ही धूमधाम से सालाना उर्स मनाया जाता है। खानकाह तकिया शरीफ में सभी धर्म व जाति के लोग चादरपोशी कर अपनी मुरादे पाते हैं।चादरपोशी करने वाले कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर खान ने बताया कि यहां जो भी मन्नतें मांगी जाती है,वह पूरा हो जाती है। जिसके कारण लोग हर साल यहां आकर चादर चढ़ाते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं।मौके पर खानकाह तकिया वक्फ कमेटी के उपाध्यक्ष मो. जावेद अंसारी, रजौली विधायक विमल राजवंशी , रजौली नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी,रजौली नगर पंचायत वार्ड पार्षद दस के सदस्य संतोष वर्मा, कमेटी के सचिव अब्बू सालेह,तसलीम खान, टिंकू खान, हनान खान, सफीर उद्दीन, शाहनूर आलम, मोहम्मद नसीम, सनाउर्र रहमान समेत प्रबंधन कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सड़क पर अज्ञात व्यक्ति का कुचला मिला शव, हत्या या दुर्घटना संशय बराकर

**काराकाट।** रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के बिरैनी के पास एनएच-120 पर बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य सड़क पर आज गुरुवार देर रात एक भयंकर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। लोगों ने दबे युवान से हत्या की आशंका जताई।पुलिस ने शव को गोड़ारी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है और हर संभव कोशिश कर रही है पहचान की पुष्टि करने की। मृतक वाइट कलर की जैकेट और ब्लैक स्लेटी हॉफ पैंट पहने हुए था। हादसे के कारण उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, जिससे चेहरा पूरी तरह विकृत हो गया है और पहचान मुश्किल हो रही है।

# पटना जंक्शन पर फर्जी पुलिस बनकर 22 लाख की लूट, दो आरोपी गिरफ्तार, 19 लाख बरामद



**एजेंसी। पटना**

राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आई है। पटना जंक्शन थाना क्षेत्र में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर 22 लाख रुपये की लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अब तक 19 लाख रुपये बरामद कर लिया हैं, जबकि करीब 3 लाख रुपये अभी भी गायब हैं। यह घटना 29 और 30 दिसंबर की देर रात की है। पीड़ित के अनुसार, दो युवक उसके पास आए और खुद को पुलिसकर्मी बताया। दोनों ने खाकी जैकेट पहन रखी थी, जिससे पीड़ित को उन पर कोई शक नहीं हुआ। इसके बाद आरोपी उसे एक कमरे में ले गए और डरा-धमकाकर उससे 22 लाख रुपये लूट लिए, फिर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पटना जंक्शन थाना में शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान एसएचओ राजीव कुमार के नेतृत्व में टेक्निकल इनपुट और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिससे एक आरोपी की पहचान खुसरूपुर निवासी के रूप में हुई।पूछताछ के दौरान पहले आरोपी ने अपने एक अन्य साथी की जानकारी दी, जो पटना जंक्शन के आसपास ही रहता है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन में नंबर को ‟जीआरपी" के नाम से सेव कर रखा था, ताकि लोगों को पुलिसकर्मी होने का भरोसा दिलाया जा सके। इसके बाद पुलिस ने लोकेशन ट्रैक कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान एक आरोपी के घर से 9 लाख रुपये और दूसरे आरोपी के पास से 8.30 लाख रुपये बरामद किए गए। इस तरह कुल 19 लाख रुपये की रिकवरी की जा चुकी है। पुलिस के अनुसार, शेष 3 लाख रुपये आरोपियों ने या तो कहीं फेंक दिए हैं या किसी अन्य स्थान पर छिपा दिए हैं, जिसकी तलाश जारी है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस वारदात में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं। वहीं, पटना पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि बिना पहचान के किसी पर भरोसा न करें और किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## 2024 के मुकाबले 2025 में 46,531 अधिक आवेदन प्राप्त हुए

# पटना क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने रिकॉर्ड 4.2 लाख पासपोर्ट जारी किए, अब दरभंगा में भी तत्काल सेवा

**एजेंसी। पटना**

पटना में पासपोर्ट बनाने वालों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर 2025 तक पटना स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) ने 4.2 लाख से अधिक पासपोर्ट जारी किए। गुरुवार यानी आज जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, साल 2025 में पासपोर्ट आवेदनों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। 2024 के मुकाबले 2025 में 46,531 अधिक आवेदन प्राप्त हुए। वर्ष 2024 में कुल 4,05,721 पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए गए थे, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 4,52,252 पहुंच गई। इनमें से 4,20,210 आवेदकों को पासपोर्ट जारी किए गए। आरपीओ पटना ने




बताया कि पासपोर्ट जारी करने की क्षमता में लगातार विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में बिहार की कुल 40 लोकसभा सीटों में से 37 लोकसभा क्षेत्रों में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र) और दो लोकसभा क्षेत्रों में पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित हैं, जहां बिहार के आवेदकों के पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, जिसे देखते हुए जरूरत के अनुसार अपॉइंटमेंट की संख्या भी समय-समय पर बढ़ाई जा रही है। आरपीओ बयान में कहा गया कि अब सभी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर पासपोर्ट के साथ-साथ पुलिस क्लियरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) के आवेदन भी स्वीकार किए जा रहे हैं, जो पहले केवल पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर ही लिए जाते थे। इसके अलावा दरभंगा स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र पर भी तत्काल पासपोर्ट सेवा शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही अब पटना और दरभंगा दोनों स्थानों पर तत्काल पासपोर्ट सेवा उपलब्ध हो गई है।

### क्षमता में हो रहा विस्तार

आरपीओ पटना ने बताया कि पासपोर्ट जारी करने की क्षमता में लगातार विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में बिहार की कुल 40 लोकसभा सीटों में से 37 लोकसभा क्षेत्रों में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र) और दो लोकसभा क्षेत्रों में पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित हैं, जहां बिहार के आवेदकों के पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, जिसे देखते हुए जरूरत के अनुसार अपॉइंटमेंट की संख्या भी समय-समय पर बढ़ाई जा रही है।

## एक नजर

### नए साल का जश्न मातम में बदला : भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। नये साल की खुशियां और पुराने साल के विदाई के बीच अचानक दो घरों में मातम का माहौल है। दरअसल मुजफ्फरपुर के दो परिवारों के लिए कभी न भूलने वाली घटना हुई है। सदर थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गयी। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। वही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार यह दर्दनाक सड़क हादसा सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही चौक के पास देर रात घटित हुआ। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दो युवक काफी तेज गति से जा रहे थे, तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के प्रभात नगर निवासी ऋषभ कुमार और साहेबगंज थाना क्षेत्र के शशि रंजन कुमार के रूप में हुई है। जैसे ही मौत की खबर परिजनों तक पहुँची, घर में कोहराम मच गया। नए साल की बधाई देने का इंतजार कर रहे माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। सदर थानाध्यक्ष अश्मित कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि देर रात गोबरसही चौक के पास बाइक के डिवाइडर से टकराने की सूचना मिली थी। इस दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है।

### बगहा : शॉर्ट सर्किट से दो घरों में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान, खूंटे में बंधी 4 बकरियां जिंदा जली

**बगहा।** बगहा के चौतरवा थाना क्षेत्र के मेहंदी गांव में शॉर्ट सर्किट की वजह से दो घर में भीषण आग लग गई। अगलगी की इस घटना में दोनों घर में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। घरों में बंधी चार बकरियां भी जिंदा जल गईं। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते लाखों रुपये की संपत्ति राख में तब्दील हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घर में अचानक बिजली के तारों से चिंगारी निकली और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग पूरे घर को अपनी चपेट में ले चुकी थी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में पीड़ित परिवारों का अनाज, कपड़े, नकदी, बर्तन और घरेलू सामान पूरी तरह जल गया, जिससे वे खुले आसमान के नीचे आ गए हैं।

### नये साल की खुशियां मातम में बदली : दर्दनाक सड़क हादसे में घर के इकलौते चिराग की मौत, दो दोस्त घायल

**बेगूसराय** नये साल के पहले दिन बेगूसराय में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने जश्न के माहौल को मातम में बदल दिया। कांवर झील घूमकर लौट रहे तीन दोस्तों की बाइक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरदिया मिडिल स्कूल के समीप एसएचझ्र55 पर भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरे युवक को मामूली चोटें आई हैं। मृतक की पहचान नयागांव थाना क्षेत्र के हांसपुर वार्डझ्र 2 निवासी राजा राम पंडित 18 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार के रूप में हुई है। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान लखन साह के पुत्र प्रेमचंद के रूप में की गई है, जिनका इलाज एक निजी क्लिनिक में चल रहा है। तीसरे युवक रामकिशोर महतो के पुत्र सुबोध कुमार को मामूली चोटें आई हैं। घायल सुबोध कुमार ने बताया कि वह, गौरव कुमार और प्रेमचंद तीनों दोस्त एक ही बाइक से कावर झील घूमने गए थे। लौटने के दौरान हरदिया मिडिल स्कूल के पास सड़क किनारे खड़े एक ठेले से बाइक की टक्कर हो गई।

# सीओ और डीसीएलआर की मनमानी पर रोक के लिए विजय सिन्हा का एक और फरमान, अधिकारियों की मनमानी पर रोक के लिए जारी हुआ पत्र

**एजेंसी। पटना**

काली कमाई के लिए कुख्यात हो चुके राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को दुरूस्त करने के लिए डिप्टी सीएम विजय कुमार ने एक और आदेश जारी किया है. विभाग ने राज्य के सारे सीओ और डीसीएलआर को पत्र जारी कर दिया है. डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा की भूमि सुधार जन कल्याण संवाद के दौरान सामने आये मामलों को देखते हुए सरकार ने नया आदेश जारी किया है. इसमें राजस्व पदाधिकारियों को मनमानी नहीं करने की कड़ी चेतावनी दी गयी है. दरअसल, विजय कुमार सिन्हा की भूमि सुधार जन कल्याण संवाद के दौरान ये पता चला कि सीओ और डीसीएलआर जैसे राजस्व पदाधिकारी एक जैसे मामलों में अलग-अलग फैसला ले रहे हैं. सरकार ने इसे बेहद गंभीर मसला माना है. इसके बाद गुरूवार को पत्र जारी किया गया है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव सी.के. अनिल ने ये पत्र



जारी किया है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अपने अधिकारियों को संविधान का पाठ पढ़ाते हुए कहा है कि वे समान परिस्थिति वाले मामलों में समान फैसला लेना सुनिश्चित करें. अपर मुख्य सचिव सीके अनिल ने पत्र में कहा है कि सभी राजस्व पदाधिकारी संविधान के अनुच्छेद-14 और समता के सिद्धांत का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे. पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार के सात निश्चय-3 का लक्ष्य है सबका सम्मानझ्रजीवन आसान. इसे साकार करने के लिए राजस्व प्रशासन में मनमानी पर रोक लगाना आवश्यक है. पत्र में कहा गया है कि भूमि सुधार जन कल्याण संवाद के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई मामलों में विधिक ज्ञान और प्रशिक्षण के अभाव में समान मामलों में अलग-अलग आदेश पारित किए जा रहे हैं।

# बिहार के इस एयरपोर्ट से दिल्ली की उड़ानें रद्द, नए साल में इंडिगो का बड़ा झटका

**एजेंसी। पटना**

नए साल की शुरूआत के साथ ही हवाई यात्रियों को बड़ा झटका लगा है। बिना किसी मौसम बाधा या तकनीकी कारण के इंडिगो की पूर्णियाझ्रदिल्ली फ्लाइट को 19 से 26 जनवरी तक रद्द कर दिया गया है। इस अवधि के लिए फ्लाइट की बुकिंग भी बंद कर दी गई है, हालांकि अब तक इसे लेकर कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई है। पूर्णिया एयरपोर्ट के निदेशक डीपी गुप्ता ने बताया कि कुछ यात्रियों से उन्हें इस बारे में जानकारी मिली है, लेकिन एयरपोर्ट प्रशासन को अब तक कोई औपचारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। वहीं, इंडिगो एयरलाइंस के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि 19 से 26 जनवरी तक पूर्णियाझ्र दिल्ली फ्लाइट रद्द रहेगी, हालांकि इसके पीछे का ठोस कारण अभी स्पष्ट नहीं किया गया है। इंडिगो अधिकारी ने यह भी बताया कि इस




दौरान पूर्णिया से दिल्ली और कोलकाता के लिए अन्य इंडिगो फ्लाइट्स का दैनिक परिचालन जारी रहेगा, जिससे यात्रियों को आंशिक राहत मिलेगी। गौरतलब है कि इंडिगो ने 26 अक्टूबर को पूर्णिया से दिल्ली और हैदराबाद के लिए एक साथ उड़ान सेवाएं शुरू की थीं। इन फ्लाइट्स से पूर्णिया, सीमांचल और कोसी क्षेत्र के यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही थी। रोजाना करीब 200 यात्री इन उड़ानों से सफर करते हैं। ऐसे में अचानक फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बेकाबू कार ने कई राहगीरों को रौंदा, एक महिला सहित तीन घायल, डिवाइडर से टकराने पर मची अफरा-तफरी

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुजावलपुर एनएच-28 के पास देर शाम एक तेज रफ्तार और बेकाबू कार ने कई राहगीरों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि कार सवार लोग मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए।बताया जा रहा है कि कार समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार राहगीरों को कुचलते हुए एनएच-28 के डिवाइडर पर जा चढ़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास मौजूद लोग सहम गए और अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों



का आरोप है कि कार चालक नशे की हालत में था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। घायलों को तुरंत इलाज के लिए सकरा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना में घायल मनोज कुमार, जो सकरा थाना क्षेत्र के सरमस्तपुर गांव के निवासी हैं, ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शाम में बाजार आए थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उनके परिवार के तीन लोगों को रौंद दिया और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने आशंका जताई कि चालक नशे में था और कई अन्य लोग भी किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।पूरे मामले में सकरा थाना प्रभारी सुखविंदर कुमार ने बताया कि एक कार द्वारा यह दुर्घटना की गई है, जिसमें तीन राहगीर घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में सवार लोग वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गए हैं।

# बिहार में नए साल की शुरूआत मौसम विभाग ने जारी किया 19 जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट

**एजेंसी। पटना**

नए साल 2026 की शुरूआत बिहार में भीषण ठंड और घने कोहरे के साथ हुई है। साल की पहली सुबह राज्य के अधिकांश हिस्सों में कोहरे की चादर में लिपटी रही। 31 दिसंबर की रात वर्ष 2025 की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जब कई जिलों में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णिया, सीवान, पश्चिम चंपारण सहित सभी 19 जिलों में घने कोहरे के साथ कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। ठंडी और सर्द हवाओं के कारण लोगों को तेज कनकनी का सामना करना पड़ेगा। इसे देखते हुए इन जिलों के लिए



ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दक्षिण बिहार के पटना, गया, अरवल, बक्सर, जमुई सहित 19 जिलों में ठंड से आंशिक राहत मिलने की संभावना है। दिन के समय आंशिक धूप निकल सकती है, जिससे कोल्ड डे से राहत मिलेगी, हालांकि घने कोहरे का असर बना रहेगा। तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी का अनुमान है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के साप्ताहिक पूवार्नुमान के मुताबिक, शुक्रवार से ठंड और कोहरे दोनों से धीरे-धीरे राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि उत्तर बिहार के कुछ जिलों में घने कोहरे का असर बना रह सकता है। पटना, गया, जमुई, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णिया और किशनगंज समेत अधिकांश जिलों में न तो कोहरे और न ही कोल्ड डे की कोई चेतावनी जारी की गई है। 7 जनवरी तक राज्य के अधिकतर जिलों में ठंड से राहत मिलने की संभावना है। अगले तीन दिनों के दौरान दिन और रात के तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2025 के अंतिम दिन गया जी में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा।

पटना में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि सबसे अधिक गिरावट छपरा में देखने को मिली, जहां तापमान 5.7 डिग्री गिरकर 6.3 डिग्री सेल्सियस रहा। टॉप-5 सबसे सर्द रात वाले जिलों में गया जी के बाद सबौर (5.6त्उ), राजगीर (5.8त्उ), छपरा (6.3त्उ) और औरंगाबाद (6.5त्उ) शामिल हैं। इन जिलों में ठंड का असर सबसे अधिक देखने को मिला और लोगों को सुबह व रात के समय कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ा।

# मधुबनी में पेट्रोल पंप कर्मी पर हमला : पैसे छीनकर भागे अपराधी सीसीटीवी में कैद

**एजेंसी। मधुबनी**

मधुबनी के राजनगर थाना क्षेत्र में लहरियागंज स्थित सत्यदेव फिलिंग स्टेशन पर शाम करीब 4:30 बजे बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के दौरान 5-6 हजार रुपये भी छीन लिया और पिटाई कर मौके से फरार हो गये। अपराधियों की तस्वीर पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। पेट्रोल पंप के संचालक चंचल झा के अनुसार, एक बाइक सवार युवक पहले नोजल कमीज से पेट्रोल बाइक में भरवाकर बिना पैसे दिए चल दिया। जब कर्मी ने भुगतान की मांग की, तो युवक ने यूपीआई से भुगतान कर दिया। इसके कुछ देर बाद उसी युवक के साथ कई बदमाश पेट्रोल पंप पर आए और ईंट और डंडे से पेट्रोल पंप कर्मियों मोहम्मद जिलानी (लहरियागंज निवासी) और श्याम कुमार (बेलाही बहरवन, कलुआही थाना) पर हमला कर दिया। हमले के बाद बदमाश 5-6 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए और पेट्रोल पंप को आग लगाने की धमकी दी। पूरा मामला पेट्रोल पंप और आसपास लगे उउळ श कैमरों में कैद हो गया है। पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।